विल्बर राइट (1867-1912)

ऑरविल राइट (1871-1948)

हवाई जहाज़ के आविष्कारक

बचपन में विल्बर और ऑरविल राइट को नई-नई चीज़ें बनाने में मज़ा आता था - खासकर उड़ने वाली चीज़ें. अपने शहर डेटन, ओहिओ में वो अपने हाथ से बनी चीज़ों को बेचकर कुछ पैसे कमा लेते थे.

फिर दोनों भाइयों ने मिलकर एक साइकिल की दुकान खोली. उस समय साइकिलें लोकप्रिय हो रही थीं. दोनों भाईयों ने साइकिल बनाने और मरम्मत करने मे कुशलता हासिल की.

जब उन्होंने 1896 में, दबंग ग्लाइडर पायलट ऑटो लिलिएंथल की मृत्यु की खबर सुनी तब उन्होंने अपनी खुद की उड़ने वाली मशीन बनाने का दृढ़ निश्चय किया.

काफी शोध के बाद उन्होंने एक ग्लाइडर बनाया और उसे पतंग जैसे उड़ाया! फिर उन्होंने एक ऐसे ग्लाइडर की योजना बनाई जिसमें बैठकर एक आदमी उड़ सके.

1900 और 1901 में, उन्होंने दो बड़े ग्लाइडर्स का परीक्षण किया. पर दोनों असफल रहे.
दोनों भाइयों ने फिर उड़ान का सपना लगभग छोड़ दिया.

विंड टनल नोट्स

हवा जितनी तेज़ी से पंख पर से गुज़रती है वो पंख पर उतना ही कम दबाव डालती है. अच्छे पंख का आकार वो होगा जिसमें नीचे की ओर दाब कम हो, जिससे पंख ऊपर की ओर उठे.

सपना छोड़ने की बजाए वो वापिस गए. उन्होंने एक विंड-टनल बनाया और उसमें भिन्न-भिन्न आकार के पंख टेस्ट किए.

उनका तीसरा ग्लाइडर बहुत सफल रहा. दोनों भाईयों ने उसमें करीब 1000 उड़ाने भरीं. उसके बाद उन्होंने अपने पहला प्रोपेलर वाला, इंजन-चलित विमान बनाना शुरू किया.



1903 के अंत तक वे उड़ान भरने को तैयार थे. 17 दिसंबर को किल-डेविल हिल, किटीहॉक, नार्थ कैरोलिना में ऑरविल ने "फ्लायर 1" विमान में उड़ान भरी और वो 12 सेकंड के लिए हवा में उड़ा. वो दुनिया की सबसे पहली पॉवर फ्लाइट थी!

ZOOM!

ज़ूम!

बस बहाव के साथ आगे बढ़ो!

एकदम गज़ब!

बत्तखों ज़रा सावधान! वो एक उड़ने वाला राक्षस है!

अगले दो सालों में विल्बर और ऑरविल ने दो और नए हवाईजहाज़ बनाए. वो लगातार अपने डिज़ाइन को बेहतर बनाते रहे. 1903 में "फ्लायर-3" हवा में 30-सेकंड से ज़्यादा उड़ा. वो मुड़ सकता था और उसकी रफ़्तार 35 मील प्रति घंटा थी.

फिर 1908 में अमरीकी सेना के साथ एक करार पर दस्तखत करने के बाद विल्बर ने अपनी उड़ने वाली मशीन के प्रदर्शन के लिए फ्रांस और पूरे अमरीका का दौरा किया. न्यूयॉर्क में वो स्टेचू ऑफ़ लिबर्टी के चारों ओर उड़ा जिसे देखकर नीचे खड़ी भीड़ दंग रह गई. अब विल्बर और ऑरविल ने हवा को जीत लिया था!